पिछले पेज का

स.क्र.	सर्वेक्षण संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन का अधीन क्षेत्रफल (हे.) में	हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता	सीमाएं: उत्तर	सीमाएं: दक्षिण	सीमाएं: पूर्व	सीमाएं: पश्चिम	वृक्ष: प्रजाति किस्म	संरचना: संख्या	संरचना: प्रकार	संरचना: प्लिंथ एरिया
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
213	408/4	भूमिस्वामी	कृषि	0.06	महेशकुमार पिता भागचंद, सुदामाबाई,उमेदाबाई पुत्री भागचंद जाति गोंड पता सिवनी मध्य प्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 395/3 की भूमि	खसरा 409 की भूमि	खसरा 407 की भूमि	खसरा 390 की भूमि	महानीम कन्जई	1 1	–	–
214	405/1/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.18	महेन्द्र बबली पिता घनश्याम शशिबाई बेवा घनश्याम जाति गौंड पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 405/1/1 की भूमि	खसरा 405/2 की भूमि	खसरा 405/1/1 की भूमि	खसरा 395/1 की भूमि	बेर	1	–	–
215	413/1	भूमिस्वामी	कृषि	2.80	अशोक,संतोष, पिता जगदीश अनुसुइया पिता जगदिह सावित्रीबाई पुत्र जगदीश जाति अहीर पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 412 की भूमि	खसरा 414/1/2 की भूमि	खसरा 414/1/1 की भूमि	खसरा 413/3 की भूमि	कहुआ बेर सुबबूल महानीम हडुआ बबूल खैर नीम सागौन	2 5 2 1 3 2 1 1 1	कच्चा मकान 2 पक्का मकान 1 कच्चा कुआं 1, बोर 2	(ल 7 मी* चौ 17 मी) (ल 7 मी* चौ 8 मी) (ल 7 मी* चौ 8 मी) बोर 6 इंच अंशित 6 मी गहराई 90 मी बोर 6 इंच अंशित 6 मी गहराई 90 मी
216	413/2	भूमिस्वामी	कृषि	2.00	अशोककुमार,संतोषकुमार, पिता जगदीश, अनुसुईयाबाई नाबालिग पिता जगदीश संरक्षक वली मां सवित्रीबाई ध.प.स्व. जगदीश जाति अहीर पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 251 की भूमि	खसरा 414/1/1 की भूमि	खसरा 414/1/1 की भूमि	खसरा 413/1 की भूमि	कहुआ बेर सुबबूल हडुआ	2 10 3 4	कच्चा मकान 1 पक्का मकान 2 बोर 1	(ल 4 मी* चौ 7.5 मी) (ल 10 मी* चौ 7.5 मी) (ल 10 मी* चौ 7.5 मी) बोर 6 इंच अंशित 6 मी गहराई 90 मी
217	414/1/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.85	अशोककुमार पिता जगदीश प्रसाद जाति अहीर पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 413/2 की भूमि	खसरा 416/1 की भूमि	खसरा 415/2 की भूमि	खसरा 413/1 की भूमि	बेर कहुआ सागौन खैर महानीम ऊमर हडुआ नहुआ	4 3 3 2 1 3 1 1	–	–
218	414/1/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.85	संतोषकुमार नाबालिग पिता जगदीश संरक्षक वलि मॉ सावित्री जाति अहीर पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 413/2 की भूमि	खसरा 416/1 की भूमि	खसरा 415/2 की भूमि	खसरा 413/1 की भूमि	बेर कहुआ सागौन	4 3 1	–	–
219	414/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.02	मानसिंह पिता अनवर जाति अहीर पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 412 की भूमि	खसरा 426 की भूमि	खसरा 416 की भूमि	खसरा 410/2 की भूमि	–	–	–	–
220	415/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.08		खसरा 414/1 की भूमि	खसरा 415/2 की भूमि	खसरा 417/3 की भूमि	खसरा 414/1/1 की भूमि	खैर	3		–
221	420/2	भूमिस्वामी	कृषि	1.30		खसरा 420/1 की भूमि	खसरा 420/3 की भूमि	खसरा 400 की भूमि	खसरा 417/3 की भूमि	बेर बेल नीम हडुआ बबूल सुबबूल लेडिया	5 2 1 2 1 1 1	–	–
222	417/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.10		खसरा 417/2 की भूमि	खसरा 417/4 की भूमि	खसरा 420/1 की भूमि	खसरा 414/1 की भूमि	–	–	–	–
223	437/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.01		खसरा 437/4 की भूमि	खसरा 437/3 की भूमि	खसरा 441 की भूमि	खसरा 441 की भूमि	–	–	–	–
224	415/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.23	बलदेव पिता अनवर जाति अहीर पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 415/1 की भूमि	खसरा 415/3 की भूमि	खसरा 417/4 की भूमि	खसरा 414/1/1 की भूमि	खैर	3	–	–
225	420/3	भूमिस्वामी	कृषि	1.08		खसरा 420/2 की भूमि	खसरा 420/4 की भूमि	खसरा 422 की भूमि	खसरा 417/4 की भूमि	बेर बबूल महानीम	7 4 2	बोर 1	बोर 6 इंच अंशित 6 मी गहराई 120 मी
226	417/4	भूमिस्वामी	कृषि	0.09		खसरा 417/3 की भूमि	खसरा 417/5 की भूमि	खसरा 420/3 की भूमि	खसरा 415/2 की भूमि	–	–	–	–
227	436/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.02		खसरा 436/4 की भूमि	खसरा 436/2 की भूमि	खसरा 472 की भूमि	खसरा 441 की भूमि	–	–	–	–
228	415/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.24	रामेश्वर पिता अनवर जाति अहीर पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 414/1 की भूमि	खसरा 416/1 की भूमि	खसरा 417/5 की भूमि	खसरा 414/1/1 की भूमि	बबूल	1	–	–
229	420/4	भूमिस्वामी	कृषि	1.08		खसरा 420/3 की भूमि	खसरा 419 की भूमि	खसरा 422 की भूमि	खसरा 417 की भूमि	हडुआ बेर बबूल खैर	12 3 2 1	–	–
230	417/5	भूमिस्वामी	कृषि	0.09		खसरा 415/3 की भूमि	खसरा 417 की भूमि	खसरा 420/4 की भूमि	खसरा 415/3 की भूमि	–	–	–	–
231	436/4	भूमिस्वामी	कृषि	0.08		खसरा 441 की भूमि	खसरा 436/3 की भूमि	खसरा 472 की भूमि	खसरा 441 की भूमि	–	–	–	–
232	437/4	भूमिस्वामी	कृषि	0.02		खसरा 441 की भूमि	खसरा 437/2 की भूमि	खसरा 441 की भूमि	खसरा 441 की भूमि	–	–	–	–
233	416/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.15	शान्ति बेवा झाडू सुखचंद भूरा रामाबाई पम्मीबाई पिता झाडू जाति गोंड पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 414/1/1 की भूमि	खसरा 41 7 की भूमि	खसरा 415/3 की भूमि	खसरा 414/1/1 की भूमि	बबूल छिवला	2 1	बोर 1	बोर 6 इंच अंशित 10 मी गहराई 150 मी
234	434	भूमिस्वामी	कृषि	0.20		खसरा 426 की भूमि	खसरा 436/2 की भूमि	खसरा 431 की भूमि	खसरा 435 की भूमि	–	–	–	–
235	418/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.26		खसरा 417 की भूमि	खसरा 419 की भूमि	खसरा 419 की भूमि	खसरा 418/2 की भूमि	चन्दज्योती बबूल	2 1	–	–
236	416/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.60	भूरा पिता झाडू जाति गौड पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 414/1/1 की भूमि	खसरा 426 की भूमि	खसरा 416/3 की भूमि	खसरा 414/1/2 की भूमि	बबूल	1	–	–
237	418/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.26		खसरा 417 की भूमि	खसरा 419 की भूमि	खसरा 418/2 की भूमि	खसरा 417 की भूमि	चन्दज्योती	2	–	–
238	416/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.45	सुखचंद पिता झाडू जाति गौड पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 416/1 की भूमि	खसरा 426 की भूमि	खसरा 417 की भूमि	खसरा 416/2 की भूमि	बबूल	1	–	–
239	418/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.26		खसरा 417 की भूमि	खसरा 419 की भूमि	खसरा 418/1 की भूमि	खसरा 418/3 की भूमि	चन्दज्योती	2	–	–
240	417/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.10	सविताबाई पत्नी देवेंद्रकुमार जाति अहीर पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 138 की भूमि	खसरा 417/3 की भूमि	खसरा 420/1/1 की भूमि	खसरा 414/1/1 की भूमि	महुआ कहुआ हडुआ	1 4 3	–	–
241	420/1/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.52		खसरा 138 की भूमि	खसरा 420/2 की भूमि	खसरा 420/1/2 की भूमि	खसरा 417/2 की भूमि	बेर सुबबूल	2 1	–	–
242	420/1/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.80	संदीपकुमार पिता वीरेन्द्रकुमार जाति जैन पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 400 की भूमि	खसरा 420/2 की भूमि	खसरा 400 की भूमि	खसरा 420/1/1 की भूमि	बबूल महानीम	2 1	–	–
243	419	भूमिस्वामी	कृषि	0.75	कुसल पति खुजल खोवाराम सेवकराम पिता खुजल गिरजाबाई बेवा रामलाल रामप्यारी पति बाबूलाल जाति गौड़ पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 420/4 की भूमि	खसरा 426 की भूमि	खसरा 421/2 की भूमि	खसरा 418/1 की भूमि	बबूल बेर	3 3	कच्चा मकान 2 पक्का मकान 1	(ल 3 मी* चौ 7 मी) (ल 4.2 मी* चौ 8.89 मी) (ल 9.70 मी* चौ 10)
244	422	भूमिस्वामी	कृषि	0.30		खसरा 420 की भूमि	खसरा 426 की भूमि	खसरा 423/1 की भूमि	खसरा 421/1 की भूमि	सूबबूल बबूल	18 2	–	–
245	421/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.03	गुमताबाई बेवा शंकर, पवन, बद्रीप्रसाद पिता शंकर, सरोजबाई, शिवकुमारी, अंबिका पुत्री शंकर, छोटेलाल पिता द्वारकाप्रसाद, कमला पुत्री द्वारकाप्रसाद जाति अहीर पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 420/4 की भूमि	खसरा 426 की भूमि	खसरा 422 की भूमि	खसरा 421/2 की भूमि	–	–	–	–
246	421/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.02	हल्कीबाई पति बल्देव राधाबाई पति रामेश्वर जीतेन्द्र नाबालिग पिता मिटठन संरक्षक भाई अरविन्द पिता मिटठन अरविन्द पिता मिटठन जाति अहीर पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 420/4 की भूमि	खसरा 426 की भूमि	खसरा 421/1 की भूमि	खसरा 419 की भूमि	बबूल	1	कच्चा मकान 2 पक्का मकान 2	(ल 10 मी* चौ 20 मी) (ल 7.5 मी* चौ 6.5 मी) (ल 7 मी* चौ 11 मी) (ल 8 मी* चौ 43 मी)
247	423/1	भूमिस्वामी	कृषि	1.35	भभूतसिंह पिता नेमसिंह जाति लोधी पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 427 की भूमि	खसरा 426 की भूमि	खसरा 423/2 की भूमि	खसरा 422 की भूमि	बेर सगौन बबूल	11 2 5	बोर 2	बोर 6 इंच अंशित 6 मी गहराई 130 मी
248	427/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.02		खसरा 426 की भूमि	खसरा 484/1 की भूमि	खसरा 427/3 की भूमि	खसरा 427/1 की भूमि	–	–	–	–
249	423/2	भूमिस्वामी	कृषि	1.24	तीरथसिंह पिता नेमसिंह जाति लोधी पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 400 की भूमि	खसरा 426 की भूमि	खसरा 424 की भूमि	खसरा 423/1 की भूमि	बेर बबूल	3 6	बोर 2	बोर 6 इंच अंशित 6 मी गहराई 115 मी
250	425	भूमिस्वामी	कृषि	0.19		खसरा 400 की भूमि	खसरा 426 की भूमि	खसरा 400 की भूमि	खसरा 424 की भूमि	बबूल हडुआ नीम	9 1 1	बोर 1	बोर 6 इंच अंशित 6 मी गहराई 130 मी
251	427/4	भूमिस्वामी	कृषि	0.08		खसरा 426 की भूमि	खसरा 484/1 की भूमि	खसरा 489/1 की भूमि	खसरा 429/3 की भूमि	–	–	–	–
252	427/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.22	रेवाबाई बेवा छिदामी कष्णकुमार कस्तुरी कामिनी पिता छिदामी दमेती बेवा कौशल आस्था नाबालिग आकांक्षा नाबालिग पिता कौशल संरक्षक वली मां दमेती ध.पस्व. कौशल झामसिंह पिता गनपत, राधा पिता छिदामी जाति लोधी पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 426 की भूमि	खसरा 483/1/1 की भूमि	खसरा 427/4 की भूमि	खसरा 428 की भूमि	–	–	–	–
253	427/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.02	नेमसिंह पिता गनपत जाति लोधी पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 426 की भूमि	खसरा 484/1 की भूमि	खसरा 427/4 की भूमि	खसरा 427/3 की भूमि	–	–	–	–
254	433/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.10		खसरा 472 की भूमि	खसरा 472 की भूमि	खसरा 431 की भूमि	खसरा 472 की भूमि	–	–	–	–
255	435	भूमिस्वामी	कृषि	0.02	राजेंद्रकुमार पिता रामप्रसाद जाति तेली पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 426 की भूमि	खसरा 441 की भूमि	खसरा 434 की भूमि	खसरा 445 की भूमि	–	–	–	–
256	489/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.03	प्रिंस प्रियांश पिता सतेन्द्र जाति जारोलिया पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 426 की भूमि	खसरा 489/3 की भूमि	खसरा 489/2 की भूमि	खसरा 427/4 की भूमि	बबूल	1	–	–
257	489/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.73	गुलाबोबाई सोमनाथ सुनील पिता हक्कू जाति लोधी पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 426 की भूमि	खसरा 489/3 की भूमि	खसरा 490/3 की भूमि	खसरा 489/1 की भूमि	–	–	–	–
258	486/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.02		खसरा 489/3 की भूमि	खसरा 468 की भूमि	खसरा 499/3 की भूमि	खसरा 485 की भूमि	–	–	–	–
259	489/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.60		खसरा 489/2 की भूमि	खसरा 468 की भूमि	खसरा 490/3 की भूमि	खसरा 485 की भूमि	–	–	–	–
260	490/1	भूमिस्वामी	कृषि	1.52	हीरामन पिता श्यामसिंह जाति लोधी पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 490/3 की भूमि	खसरा 490/2 की भूमि	खसरा 400 की भूमि	खसरा 491/2/1 की भूमि	बेर बबूल ऊमर हडुआ मुनगा सुबबूल महानीम छिवला नीम बेल	12 8 1 1 1 1 1 1 1 1	बोर 1	बोर 6 इंच अंशित 6 मी गहराई 150 मी
261	490/3	भूमिस्वामी	कृषि	1.53	महेन्द्रसिंह,पिता श्यामसिंह जाति लोधी पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 400 की भूमि	खसरा 390/1 की भूमि	खसरा 400 की भूमि	खसरा 489/3 की भूमि	–	–	–	–
262	490/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.38	नोखेसिंह पिता जग्गनाथ भुग्गोबाई बेवा जगन्नाथ जाति लोधी पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 490/2 की भूमि	खसरा 491/3 की भूमि	खसरा 400 की भूमि	खसरा 491/2/3 की भूमि	–	–	–	–
263	491/2/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.25		खसरा 491/2/1 की भूमि	खसरा 491/3 की भूमि	खसरा 490/1 की भूमि	खसरा 488 की भूमि	बेर बबूल	16 4	–	–
264	491/2/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.28	श्यामसिंह पिता जगन्नाथसिंह जाति लोधी पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 488 की भूमि	खसरा 491/2/3 की भूमि	खसरा 490/1 की भूमि	खसरा 488 की भूमि	बेर बबूल सुबबूल नीम छिवला बेल बहेरा	26 5 3 1 2 1 1	–	–
265	491/2/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.02	द्वारकाप्रसाद पिता जगन्नाथ जाति लोधी पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 491/3 की भूमि	खसरा 479 की भूमि	खसरा 400 की भूमि	खसरा 491/3 की भूमि	बेर	7	–	–
266	491/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.10	भूपेंद्र मनीष पिता बसंत जाति अहीर पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 491/2/3 की भूमि	खसरा 479 की भूमि	खसरा 400 की भूमि	खसरा 491/1/2 की भूमि	बबूल	4	–	–
267	399/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.20	भारत पिता बल्लू जाति अहीर पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 399/2 की भूमि	खसरा 401 की भूमि	खसरा 400 की भूमि	खसरा 401 की भूमि	–	–	बोर 1	बोर 6 इंच अंशित 6 मी गहराई 120 मी
268	399/2	भूमिस्वामी	कृषि	1.42	सुन्दर पिता बल्लू जाति अहीर पता सुरहई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	खसरा 255 की भूमि	खसरा 399/1 की भूमि	खसरा 400 की भूमि	खसरा 403 की भूमि	बबूल बेर खैर बहेरा	8 6 5 1	बोर 1	बोर 6 इंच अंशित 6 मी गहराई 80 मी
269	68(प्लाट नं.4)	भूमिस्वामी	अबादी	–	रमियाबाई धुर्वे पति धन्ना भूमि स्वामी	प्लाट 1 की भूमि	प्लाट 67 की भूमि	प्लाट 5 की भूमि	प्लाट 1 की भूमि	–	–	कच्चा मकान 2 पक्का मकान 1	(ल 9 मी* चौ 4 मी) (ल 7 मी* चौ 12.25 मी) (ल 8 मी* चौ 6.4 मी)
270	67	भूमिस्वामी	घरनोई	–		प्लाट 4 की भूमि	प्लाट 1 की भूमि	प्लाट 6 की भूमि	प्लाट 1 की भूमि	–	–		
271	106 (प्लाट नं. 10)	भूमिस्वामी	अबादी	–	अनीता उइके पति चन्दुलाल, चंदुलाल उइके पिता विशन भूमि स्वामी	प्लाट 70 की भूमि	प्लाट 11 की भूमि	प्लाट 9 की भूमि	प्लाट 70 की भूमि	–	–	पक्का मकान 1	(ल 23 मी* चौ 12 मी)
272	106 (प्लाट नं. 11)	भूमिस्वामी	अबादी	–	भगवानदास उइके पिता विशन, पुनियाबाई उइके पति भगवानदास भूमि स्वामी	प्लाट 10 की भूमि	प्लाट 12 की भूमि	प्लाट 13 की भूमि	प्लाट 12 की भूमि	–	–	कच्चा मकान 1 पक्का मकान 1	(ल 10.30 मी* चौ 8.00 मी) (ल 8.00 मी* चौ 7.50 मी)
273	153	शासकीय	रास्ता	–	संतराम पन्द्रे जाति गोड पता नि.ग्रा भूमिस्वामी	–	–	–	–	–	–	कच्चा मकान 1	(ल 4.20 मी* चौ 3 मी)
274	153	शासकीय	रास्ता		रमशा पन्द्रे जाति गोड पता नि.ग्रा.भूमिस्वामी	–	–	–	–	–	–	कच्चा मकान 1	(ल 6 मी* चौ 4 मी)
275	153	शासकीय	रास्ता		कुंवरसिंह पन्द्रे जाति गोंड पता नि.ग्रा. भूमिस्वामी	–	–	–	–	–	–	कच्चा मकान 1	(ल 7.80 मी* चौ 4 मी)
276	104 (प्लाट नं. 17)	भूमिस्वामी	अबादी	–	संगीता तिवारी पति ब्राजेश, ब्रजेश तिवारी पिता धनिराम भूमि स्वामी	प्लाट 16 की भूमि	प्लाट 16 की भूमि	प्लाट 9 की भूमि	प्लाट 16 की भूमि	–	–	पक्का मकान 1	(ल 9.9 मी* चौ 10.2 मी)
277	104 (प्लाट नं. 18)	भूमिस्वामी	अबादी	–	रामप्यारी पति रामकुमार लुहार, रामकुमार पिता पूरन लुहार भूमि स्वामी	प्लाट 16 की भूमि	प्लाट 16 की भूमि	प्लाट 9 की भूमि	प्लाट 103 की भूमि	–	–	पक्का मकान 1 कच्चा मकान 1	(ल 6.9 मी* चौ 4.1 मी) (ल 2.7 मी* चौ 4.1 मी)
278	104	भूमिस्वामी	अबादी	–	प्रमोद पिता अजुद्दी जाति गोंड पता नि.ग्रा भूमिस्वामी	प्लाट 16 की भूमि	प्लाट 16 की भूमि	प्लाट 9 की भूमि	प्लाट 16 की भूमि	–	–	कच्चा मकान 1	(ल 4.5 मी* चौ 3 मी)
कुल योग				114.52						वृक्ष 1355		कच्चा मकान–40 पक्का मकान– 27 बोर–43 कच्चा कुंआ–22 पक्का कुंआ–3	

(1) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। (2)अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय यंत्री, पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक-1 चौरई जिला छिंदवाड़ा के कार्यालय में किया जा सकता है। (3)अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के प्रयोजन का विवरण जिसके लिए भूमि का आवश्यकता है-शेर सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के डूब क्षेत्र स्पिल एवं प्रपोच चैनल निर्माण कार्य हेतु निजी भूमि के अर्जन के संबंध में।

जी-24360/25

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(विशन सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं
भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन

(शीतला पटले)
कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला-सिवनी (म.प्र.)

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

अस्पष्ट और बेबुनियाद आरोप के आधार पर नहीं दे सकते एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

▶ हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

जबलपुर। पुलिसकर्मियों के द्वारा मारपीट किये किये जाने की मामले में एफआईआर दर्ज करने मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस बी पी शर्मा ने बताया कि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता घटना के तथ्यात्मक विवरण बताने में असमर्थ रहे है। एकलपीठ ने अस्पष्ट और बेबुनियाद आरोप के आधार एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने से इंकार करते हुए याचिका को निरस्त कर दिया।

नरसिंहपुर निवासी विपिन पटेल की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि 1 दिसम्बर 2020 को नरसिंहपुर पुलिस के एसआई विश्राम सिंह, आरक्षक संजय पांडे तथा आशीष मिश्रा ने उसके साथ मारपीट की थी। मारपीट किये जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाने वह थाने गया था। पुलिस के द्वारा उसकी शिकायत पर कोई कार्यवाही नही की गयी। इसके विपरीत उसके खिलाफ ही कार्यवाही की गयी। इस संबंध में उसने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से शिकायत की थी। मारपीट करने वाले पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण उक्त याचिका दायर की गयी है। याचिका की राहत चाही गयी थी कि दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश जारी करते हुए उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त किया जाये। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया जाये कि उसके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की जाये।

अनावेदक पुलिस कर्मियों की तरफ से उपस्थित अधिवक्ता अजय रायजादा ने एकलपीठ को बताया कि याचिकाकर्ता नशे की हालत में बाजार में उत्पाद मचा रहा था। पुलिस कर्मी ने उसे थाने लगाकर कार्यवाही की थी। याचिकाकर्ता की तरफ से पुलिस पर दबाव बनाने के लिए उक्त याचिका दायर की गयी है। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि याचिकाकर्ता जिस एफआईआर को निरस्त करने की मांग कर रहा है वह रिकॉर्ड में नहीं है। इसके अलावा उसके अधिवक्ता घटना की तथ्यात्मक जानकारी भी प्रस्तुत नहीं सके है। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद याचिका को खारिज कर दिया।

दिवंगत कर्मी के सेवानिवृत्ति देयकों से रिकवरी अनुचित : हाईकोर्ट

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने वर्ग-2 कर्मचारी के दिवंगत होने के बाद उसकी विधवा से सेवानिवृत्त देयकों के माध्यम से रिकवरी को अनुचित करार दिया। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने कहा कि यदि सेवानिवृत्त देयकों से कोई राशि की वसूली की गई है तो वो याचिकाकर्ता को वापस की जाए। नरसिंहपुर निवासी शांति पटेल की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा व शिवम शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा यह कहते हुए रिकवरी नोटिस जारी किया गया कि याचिकाकर्ता के पति को 2008 से 2017 के बीच अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया था। चूंकि कर्मचारी ने यह अंडर टेकिंग दी थी कि अधिक भुगतान पर रिकवरी की उससे वसूली की जा सकती है।

आवेदकों की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता के पति की मृत्यु अप्रैल 2021 में हुई थी। वसूली की राशि सेवानिवृत्त देयकों से की जा रही है, ऐसे में याचिकाकर्ता को बहुत मुश्किल होगी। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने रिकवरी आदेश को रद्द करते हुए उक्त निर्देश दिये।

प्रत्येक मतदान केन्द्र पर रविवार को लगेंगे विशेष शिविर

▶ मतदाता सूची में जोड़े जायेंगे नाम

नवभारत,जबलपुर। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार 18 जनवरी को जिले में स्थित प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किये जाने वाले इन विशेष शिविरों में ऐसे मतदाता जिनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में नहीं हैं तथा 1 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जायेंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर ज्योति परस्ते के अनुसार मतदान केन्द्र स्तर पर आयोजित इन विशेष शिविरों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए नागरिक फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र में माता-पिता अथवा दादा-दादी से संबंधित वर्ष 2003 की जानकारी दे सकेंगे। इसी तरह किसी भी प्रकार के संशोधन (नाम, पता, मोबाईल नंबर एवं रंगीन फोटो) के लिए फार्म-8 मतदाता द्वारा विशेष कैंप में बीएलओ को आवेदन दिये जा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन के लिए दावा आपत्ति दर्ज कराने की 22 जनवरी 2026 है। प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

गंदगी फैलाने वालों पर ठोका 7 हजार का जुर्माना

नवभारत,जबलपुर। शुक्रवार को संभाग क्रमांक 3 रामपुर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के तहत विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले दो संस्थानों पर कुल 7,000 रुपये का स्पॉट फाइन निगम के अमले द्वारा लगाया गया। इस संबंध में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी ने बताया कि स्वच्छता के प्रति लापरवाही बरतने वालों को कड़ा संदेश देते हुए निगम की टीम ने हरिओम डेरी ग्वारीघाट अवधपुरी कॉलोनी के सामने स्थित इस डेयरी के संचालक प्रेम रजक द्वारा दुकान के पीछे भारी गंदगी पाई गई। जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए टीम ने उन पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया। इसी प्रकार सेठी नगर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के सामने डिस्पोजल और पाउच का अंबार पाए जाने

पर राजेंद्र जायसवाल के विरुद्ध 2,000 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई।नगर निगम के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाना न केवल शहर की सुंदरता को बिगाड़ता है, बल्कि यह जन स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत हानिकारक है।

नियमित होने पर न्यू अलीपुरद्वार से चलेगी ट्रेन

जबलपुर, नवभारत। नई अमृत भारत ट्रेन की नियमित सेवा गाड़ी संख्या 11031/11032 पनवेल जंक्शन-अलीपुरद्वार जंक्शन-पनवेल जंक्शन के मध्य सप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस संचालित की जाएगी जिसकी अधिसूचना जारी की जाएगी। अमृत भारत ट्रेन की नियमित सेवा पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गंतब्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 11031 पनवेल जंक्शन-अल